# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय इन्दौर

दिनांक 01 / 08 / 2026

## आवश्यक– सूचना

उप कार्यक्रम सलाहकार के पत्र क्रमांक 821/NSS/RD/MP/2026-27/988-997 Date 27th July 2026 के परिपालनार्थ महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त कक्षाओ के विद्यार्थियो को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02 अगस्त 2026 को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा नशामुक्त विकसित भारत पर देशव्यापी संबोधन तथा राष्ट्रव्यापी शपथ ग्रहण आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी संलग्न लिंक तथा क्यूआर कोड में रजिस्ट्रेशन कर कार्यक्रम उपस्थिति का स्क्रीनशॉट अपने अपने कक्षा प्रभारी के व्हाटसएप्प ग्रुप में अनिवार्यतः शेयर करें।

https://mybharat.gov.in/nasha_mukt/delegate_registration

प्रभारी प्राचार्य
शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय, इन्दौर

प्रभारी प्राचार्य
शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय
इन्दौर म.प्र.

सत्यमेव जयते

# भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय
(म.प्र. – छ.ग.) भोपाल

**F.No.P.824/NSS/RD/MP/2026-27/988-997** **Date: 27th July, 2026**

**प्रति,**

**अपर मुख्य सचिव,**
मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग,
मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल (म.प्र.)

**विषय :-माननीय प्रधानमंत्री जी के दिनांक 02 अगस्त, 2026 को संबोधन के प्रसारण/प्रदर्शन एवं राष्ट्रव्यापी शपथ ग्रहण कार्यक्रम (Nationwide Pledge) के आयोजन – संबंधी।**

संदर्भ :- भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली से प्राप्त ईमेल दिनांक 27/07/2026

**महोदय,**

उपरोक्त विषयांतर्गत, संदर्भित ईमेल ईमेल अनुसार लेख है कि, **'नशा मुक्त विकसित भारत'** अभियान के अंतर्गत **दिनांक 02 अगस्त, 2026 को माननीय प्रधानमंत्री जी का देशव्यापी संबोधन तथा राष्ट्रव्यापी शपथ ग्रहण कार्यक्रम (Nationwide Pledge)** आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु निम्नानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जानी है —

1. राज्य के प्रत्येक संस्थान में राष्ट्रव्यापी शपथ ग्रहण कार्यक्रम (Nationwide Pledge) का आयोजन कर लिंक https://mybharat.gov.in/events/nasha_mukt_yuva के माध्यम से पंजीयन किया जाए।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय, संस्थानों द्वारा दिनांक **02 अगस्त, 2026** को माननीय प्रधानमंत्री जी का देशव्यापी संबोधन के प्रसारण का प्रदर्शन किया जाना।
3. **मेरा युवा भारत पोर्टल (mybharat.gov.in) पर उक्त कार्यक्रम का ईवेंट क्रीऐट/Event Create** (संलग्न बैनर/पोस्टर) किया जाना है।
4. **राज्य के प्रत्येक जिले के समस्त संस्थानों में कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाए तथा मुख्य कार्यक्रम हेतु जिला स्तर पर ऐसे संस्थान का चयन किया जाए जहाँ 500 से 1000 प्रतिभागियों के बैठने एवं प्रस्तुतीकरण की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो, इस चयनित स्थल पर माननीय प्रधानमंत्री जी के संबोधन के सीधा प्रसारण तथा राष्ट्रव्यापी सामूहिक शपथ ग्रहण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों (माननीय सांसद, विधायक एवं अन्य) को भी सम्मिलित किया जाए।** (ऐसे संस्थान को प्राथमिकता दी जाए जहाँ छात्रावास (Hostel) उपलब्ध हो।)

अतः आपसे अनुरोध है कि आपके राज्य के **समस्त शासकीय/निजी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों एवं संस्थानों में उक्त कार्यक्रम का आयोजन कराये जाने हेतु संबंधित संस्था प्रमुखों को निर्देशित करने का कष्ट करें।**

सादर,

भवदीय

(डॉ. अशोक कुमार श्रोती)
उप कार्यक्रम सलाहकार
क्षेत्रीय निदेशक

**प्रभारी प्राचार्य**
**शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय**
**इन्दौर म.प्र.**

1/8/26

प्रतिलिपि :-

1. निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
2. राज्य एन.एस.एस.अधिकारी, मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल (म.प्र.) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो युक्त समस्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

ई-1/123, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, म.प्र. 462016 ई-मेल- nssrcbhopal@gmail.com / bhopal-nss@nic.in फोन- 0755-2464817